सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629
खबरों के लिए स्कैन करें





# ये रिश्ता क्या कहलाता है! बेलगाम बजरी माफिया और पुलिस का गठजोड़

जयपुर/अजमेर। राज्य सरकार समय-समय पर अवैध खनन और बजरी माफिया के खिलाफअभियान चलाने के आदेश जारी करती है। पकड़ा  धकड़ी के इस अभियान में पुलिस की भूमिका अधिक रहती है। कुछ पुलिस वाले अपनी जान पर खेलकर बजरी से भरे कुछ डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ लेते हैं तो कुछ पुलिस वाले इस कार्रवाई में अपनी जान भी गंवा देते हैं। प्रदेश में ऐसी दर्जनों वारदातें हो चुकी हैं जिनमें बेखौफबजरी माफिया ने पुलिस वालों पर ही बजरी के डंपर चढ़ा दिए। इन वारदातों में कई पुलिस वालों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद राजस्थान में पुलिस इन बजरी माफिया की कमर नहीं तोड़ सकी है। इसकी वजह खुद वे चुनिंदा पुलिस वाले हैं जो इन बजरी माफिया के लिए रीढ़ की हड्डी बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार ऐसे भ्रष्ट पुलिस वाले इन बजरी माफिया के मुखबिर से कम नहीं। कुछ ने तो बकायदा उनसे पार्टनरशिप भी कर रखी है। कुछ ने खुद ही बेनामी डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉलियां खरीद रखी हैं जो बिना नम्बरी दौड़ रही हैं। ये गाड़ियां धड़ल्ले से बजरी ढोने के काम ली जा रही हैं।

अब अजमेर का एक ऐसा ही फोटो पिछले तीन दिन से पूरे राजस्थान में जमकर वायरल हो रहा है और इससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है। इस फोटो में बजरी से भरे बिना नम्बरी डंपर के पास पुलिस की जीप खड़ी है।अजमेर के एक जागरूक नागरिक ने यह फोटो सबगुरु न्यूज को भी भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं कि पुलिस की जीप और बिना नंबर का एक डंपर जिस तरह सट कर खडे हैं वह पुलिस और बजरी माफियाओं के गठजोड़ को साबित करने के लिए काफी है। अहम बात यह है कि यह फोटो 21 दिसम्बर का बताया जा रहा है और सबसे अहम बात यह है कि इसी दिन जिला पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने 21 से 27 दिसम्बर तक जिले में बजरी माफिया के खिलाफ अभियान चलाने का आदेश जारी किया था। यानी जिस दिन आदेश जारी हुआ उसी दिन कायड़ रोड पर पुलिस जीप और इस बिना नम्बरी डंपर के बीच प्रेम बढ़ाया जा रहा था। बिना नम्बरी इस डंपर को पुलिस ने सीज किया या नहीं इसकी अधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। यह फोटो वायरल होने के बाद कई थानों की पुलिस में खलबली मची हुई है। हालांकि छापामार कार्रवाई पर निकली पुलिस के मौके पर पहुंचने की गोपनीय सूचना खनन और बजरी माफियाओं को पहले ही लग जाती है। इससे साबित होता है कि घर के भेदी ही लंका ढा रहे हैं। बतादें कि पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी आदेश में थानाधिकारियों स्पष्ट कहा गया है कि अवैध खनन, निर्गमन व भंडारण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए परिवहन व पुलिस के बीच समन्वय रखते हुए अधिक से अधिक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इतना ही नहीं बल्कि प्रतिदिन की गई कार्यवाही मेल के जरिए कार्यालय को भेजी जाए।



कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला अजमेर

क्रमांकः–अजम/अप/विविध/24/27197–27200 दिनांकः– 21.12.2024

समस्त थानाधिकारीगण,
जिला अजमेर।

विषयः– अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण के विरूद्ध संयुक्त अभियान चलाने जाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिला अजमेर में अवैध खनन/निर्गमन/ भण्डारण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु सभी विभागों (खनन/परिवहन/पुलिस) के साथ समन्वय कर **संयुक्त अभियान दिनांक 21.12.2024 से 27.12.2024** तक चलाया जाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अतः उक्त संयुक्त अभियान को सफल बनाए जाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही की जाए तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की इस सूरत में निम्नलिखित प्रपत्र में प्रतिदिन प्रातः 8.00 बजे जरिये ईमेल caajmer@gmail.com इस कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

अवैध खनन के विरुद्ध संयुक्त अभियान दिनांक 21.12.2024 से 27.12.2024 तक

| क०सं० | पुलिस थाने का नाम | कुल दर्ज एफआईआर की संख्या | गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या | जब्त खनिज की मात्रा (टन में) | | | जब्त एस्केवेटर/जेसीबी/क्रेन | जब्त अन्य वाहन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बजरी | पत्थर | अन्य | | |
| | | | | | | | | |

(वन्दिता राणा)
जिला पुलिस अधीक्षक,
अजमेर

प्रतिलिपि– 1. समस्त अति० पुलिस अधीक्षकगण जिला अजमेर को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. समस्त वृताधिकारीगण जिला अजमेर को भेजकर लेख है कि अपने-अपने वृत के थाना क्षेत्रों में उक्त अभियान के दौरान अधिक से अधिक कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें।
3. प्रभारी, पुलिस नियंत्रण कक्ष जिला अजमेर।

जिला पुलिस अधीक्षक
अजमेर

## इधर अवैध खनन पर हो रही है लगातार कार्यवाही

अजमेर। राज्ज्य सरकार के आदेशों की पालना में जिले में अवैध खनन के संवेदनशील एवं संभावित क्षेत्रों में अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कलक्टर लोक बन्धु ने जिले में अधिक से अधिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इसकी पालना में कार्रवाई जारी है।खनि अभियन्ता पीके अग्रवाल ने बताया कि इसकी पालना में एसआईटी सदस्य विभागों राजस्व, वन, पुलिस, खान एवं परिवहन विभाग द्वारा माह दिसम्बर में अब तक अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जिले की तहसील. पुष्कर, नसीराबाद, रूपनगढ़, पीसांगन, अजमेर के ग्राम.डूमाड़ा, भांवता, रूपनगढ़, श्रीनगर,किशनपुरा सहित अनेक ठिकानों पर औचक दबिश देते हुए खनिज मैसनरी स्टोन मुर्रम व खनिज बजरी के अवैध खनन एवं निर्गमन में लिप्त पाए गए वाहनों ;डम्परए ट्रैक्टर.ट्रोली के कुल 19 प्रकरण दर्ज किए गए। इन पर शास्ति राशि 14 लाख 14 हजार 860 रूपए आरोपित की गई है। इनमें कुल शास्ति राशि 10 लाख 70 हजार 160 रूपए की वसूली की जा चुकी है। शेष से वसूली की कार्यवाही की जा रही है। जिले में अजमेर शहर के निकटवर्ती अवैध खनन के संवेदनशील स्थानों पर आकस्मिक चेकिंग कार्य किया जाकर अवैध खनन निर्गमन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है।

# भारत ने बांग्लादेश के शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध ठुकराया



नई दिल्ली। भारत ने सोमवार को पुष्टि की कि उसे बांग्लादेश से एक राजनयिक नोट मिला है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया गया है और कहा कि उसे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज बांग्लादेश उच्चायोग से एक नोट मिला है। इस समय हमें इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसने औपचारिक रूप से भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस ढाका भेजने के लिए कहा है। हसीना गत 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में अपनी सरकार को हटाए जाने के बाद से भारत में रह रही हैं।

डेलीसन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश की सेना समर्थित अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि हमने भारत को अपनी स्थिति से स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया है। हमने बता दिया है कि हम उन्हें ;हसीना को न्यायिक प्रक्रिया के लिए वापस चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से ही मौजूद है और इस संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है।

यह मौखिक नोट देश के वर्तमान गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त जहांगीर आलम चौधरी के यह कहे जाने के बाद भेजा गया था कि उनके मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है जिसमें हसीना की वापसी की सुविधा के लिए भारत से संपर्क करने का आग्रह किया गया है।

बिजनेस स्टैंडर्ड बीडी के अनुसार बांग्लादेश में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद हसीनाए अवामी लीग और 14 पार्टी गठबंधन के नेताओं और विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफदेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कथित रूप से गायब होने हत्याए नरसंहार तथा मानवता के खिलाफ अपराध के कम से कम 60 मामले या शिकायतें दर्ज की गई है।

# भजनलाल सरकार के प्रयासों से कई क्षेत्रों में राजस्थान बना नंबर वन



जयपुर। राजस्थान की भजनलाल सरकार गत एक वर्ष में प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कामयाब रही है और कई क्षेत्रों में राजस्थान नंबर वन बन गया हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं और शर्मा ने गत वर्ष 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण करने के साथ ही प्रदेश को विकास की राह पर ले जाने के लिए कड़ा परिश्रम शुरू कर दिया और इसी का परिणाम है कि आज राजस्थान देश में सौर ऊर्जा एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। केंद्र की योजनाओं को प्रदेश में बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने का परिणाम है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तहत वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्यों के विरूद्ध जारी स्वीकृति एवं प्रथम किश्त में राजस्थान का प्रथम स्थान है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान ;पीएम. जनमन के तहत बारां जिले में 90 पीवीटीजी वन धन विकास केन्द्रोंका गठन किया गया है जिसके तहत सहरिया जनजाति की 15 हजार 878 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। पीएम.जनमन अभियानान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के विरूद्ध जारी प्रतिशत स्वीकृति में राज्य का प्रथम स्थान है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पथ विक्रेताओं को सर्वाधिक ण वितरण कर लाभान्वित करने के लिए एक से तीन लाख की आबादी वाली निकाय की श्रेणी में राज्य की हनुमानगढ़ नगर परिषद को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया गया है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत बड़े रा'यों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का तीसरा स्थान प्राप्त करने पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। राज्य का देश में ऑनलैण्ड क्रूड उत्पादन में गुजरात राज्य के बाद द्वितीय स्थान एवं प्राकृतिक गैस उत्पादन में असम राज्य के बाद द्वितीय स्थान है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान हर कीर्तिमान को तोड़कर विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है।

# पुंछ में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान वाहन दुर्घटना में पांच सैनिक शहीद



जम्मू। जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में मंगलवार को ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान पांच सैनिक उस समय शहीद हो गए जब उनका वाहन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गया।जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर पोस्ट किया कि पुंछ सेक्टर में सेना के एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सैनिक अपनी जान गंवा बैठे। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।व्हाइट नाइट कोर ने आगे कहा कि व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान वाहन दुर्घटना में पांच बहादुर सैनिकों की दुखद मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

सम्पादकीय

# आरएसएस की धर्मनिरपेक्ष छवि बनाने के मिशन में जुटे हैं भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया जिन्हें आमतौर पर सरसंघचालक के रूप में संबोधित किया जाता है मोहन भागवत क्या धर्मनिरपेक्षता के फेर में फंस गए हैं क्या आरएसएस के मुखिया संघ की धर्मनिरपेक्ष छवि बनाने के मिशन में जुटे हुए हैं यह सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि मोहन भागवत लगातार और बार-बार मंदिर-मस्जिद को लेकर बयान दे रहे हैं।

राम मंदिर आंदोलन को पूरी तरह से समर्थन देने वाला वो संगठन ; राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसने अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन को घर घर का आंदोलन बनाने के लिए अपने अनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद को पूरी ताकत से मैदान में उतार दिया था और अपने राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी को इसे देश की राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा बनाने में भरपूर मदद की थी। उसी संघ के मुखिया सरसंघचालक मोहन भागवत आज कह रहे हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर को तलाशने की मुहिम बंद होनी चाहिए। कुछ नेता मंदिर.मस्जिद का मसला उठा कर हिंदुओं का बड़ा नेता बनना चाहते हैं। संघ प्रमुख के इस तरह के कई बयान पिछले कुछ महीनों से लगातार सुर्खियां बनते नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या मोहन भागवत संघ की छवि धर्मनिरपेक्ष बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं क्या संघ प्रमुख यानी सरसंघचालक का पद छोड़ने से पहले मोहन भागवत संघ को एक ऐसी संस्था का स्वरूप देना चाहते हैं जिसे हिंदुओं के साथ-साथ भारत में रहने वाला हर मुसलमान और ईसाई भी अपना संगठन माने कुछ लोगों के लिए मोहन भागवत का यह स्टैंड जरूर अनोखा और नया होगा भाजपा से पिछले कुछ वर्षों के दौरान जुड़े नए लोग खासतौर से सोशल मीडिया पर सक्रिय भाजपा के नए कैडर के लोग इसे लेकर मोहन भागवत की आलोचना करते भी नजर आने लगे हैं।

हालांकि संघ की राजनीति और कार्यकलाप को लंबे समय से देखने वाले समझदार विश्लेषक यह बात अच्छी तरह से समझ रहे हैं कि संघ के अंदर आखिर चल क्या रहा है वे इस बात को भी बखूबी समझ रहे हैं कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब संघ अपनी छवि को बदलने का प्रयास कर रहा है। दरअसल 90 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी के पीछे होने और अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही संघ के अंदर के एक बड़े खेमे को यह समझ आ गया था कि भारत में अगर भाजपा को कांग्रेस की तरह लंबे समय तक शासन करना है तो उसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलना ही होगा। संघ के चौथे सरसंघचालक राजेन्द्र सिंह जो रज्जू भैया के नाम से प्रसिद्ध हैं के कार्यकाल में ही संघ के अंदर बदलाव को लेकर विचार विमर्श शुरू हो गया था। हालांकि इसे अमलीजामा पहनाया संघ के पांचवे सरसंघचालक केएस सुदर्शन ने। केएस सुदर्शन ने अपने कार्यकाल में संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2002 में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का गठन किया। इस मंच को देश के मुस्लिम समाज को संघ के साथ जोड़ने का टास्क सौंपा गया। इंद्रेश कुमार पिछले 22 वर्षों से देशभर में घूम.घूमकर मुस्लिम समाज को साधने के मिशन में जुटे हुए हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इंद्रेश कुमार को बहुत ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाने की वजह से अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं ही मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है। वर्ष 2009 में संघ की कमान संभालने वाले मोहन भागवत को अब यह लगने लगा है कि संघ की छवि को बदलने का अनुकूल समय आ चुका है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को लेकर भी अब मुस्लिम समुदाय के अंदर उस तरह का हठ नजर नहीं आ रहा है जैसा कि एक जमाने में अयोध्या को लेकर नजर आया करता था। यही वजह है कि संघ प्रमुख लगातार इस तरह का बयान दे रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भाजपा के साथ जुड़े नए लोगों को यह समझ नहीं आ पा रहा है। ऐसे में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को दो मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा है। पहली लड़ाई तो भाजपा के उन लोगोंए नेताओंए कार्यकर्ताओं और सोशल मीडिया के पोस्ट बहादुरों से लड़ना पड़ रहा है जो मंदिर के एकसूत्री एजेंडे के कारण ही भाजपा से जुड़े थे । वहीं आने वाले दिनों में संघ प्रमुख और संघ के स्वयंसेवकों को दूसरी लड़ाई देश के उन करोडों हिंदुओं से भी लड़नी पड़ेगी जो संघ के मुस्लिम और मस्जिद राग को हजम नहीं कर पा रहे हैं।

# जिला उपभोक्ता आयोग अजमेर की सदस्या जयश्री शर्मा सम्मानित

अजमेर। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में



जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषए आयोग अजमेर की सदस्या जयश्री शर्मा को उपभोक्ता संरक्षण विषयक विशिष्ट सेवाओं के फलास्टारु प। राजस्थान सरकार की ओर से राज्य कंज्यूमर केयर अवार्ड 2024 रा'य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया।प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में एक मात्र सदस्य को इस सम्मान से नवाजा गया है। उक्त कार्यक्रम में राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधिपति इंद्रजीत सिंह राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा अशोक शर्मा पंजीयक उपभोक्ता आयोगए हरिओम राज्य विधि आयोग के मेंबर न्यायाधिपति देवेंद्र कच्छावा अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग, पूनम प्रसाद सागर अतिरिक्त आयुक्त एवं निर्देशक उपभोक्ता मामला विभाग सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सत्ता लोलुप पार्टी, केवल सत्ता हासिल करना ही मकसद-भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस को सत्ता लोलुप पार्टी बताते हुए कहा है कि उसका मकसद येन-केन-प्रकारेण सत्ता हासिल करने का रहता है और इस कारण वह संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बतंगड़ बनाकर लोगों में भ्रम फैलाना एवं झूठ की राजनीति करना चाहती हैं उसने बाबा साहेब को अपमानित किया और कभी सम्मान नहीं दिया ऐसे में उसे पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

शर्मा मंगलवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने और उनका मजाक उड़ाने का रहा है और आज यह पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की बात नहीं की। उन्होंने कांग्रेस को सत्ता लोलुप बताते हुए कहा कि यह पार्टी सत्ता के बिना नहीं रह सकती। कांग्रेसी नेताओं का प्रयास रहता है कि येन-केन.प्रकारेण सत्ता हासिल करेए फ्रि चाहे झूठ धर्म या जातिवाद की राजनीति ही क्यों ना करनी पडे। जबकि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत केन्द्र सरकार डॉ.अम्बेडकर, डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी और पंण् दीनदयाल उपाध्याय के दिखाए



अन्त्योदय और गरीब कल्याण के मार्ग पर चल रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के नाम पर एक भी स्मारक नहीं बनाया जबकि भाजपा सरकारों के समय में ही देश में बाबा साहब की स्मृति में पंचतीर्थों का विकास किया गया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की सरकार आई तो दिल्ली में अंबेडकर सेंटर बनकर तैयार हुआ।मोदीजी की सरकार ने लंदन में जहां बाबा साहब रहे थे वहां उनकी एक स्मृति बनवाई दिल्ली में उनके निवास स्थान पर स्मृति स्थापित की नागपुर की दीक्षा भूमि और मुंबई की चैत्य भूमि में भी स्मृतियां बनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक शासन में रही लेकिन उसने बाबा साहब को कभी सम्मान नहीं दिया जबकि भाजपा समर्थित सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम किया।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक बहुत ही छोटे से अंश को बिना किसी संदर्भ के प्रस्तुत करए खुद के लिए राजनीति करने का बेहूदा प्रयास कर रही हैं मगर देश की जनता सब समझती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सांसदों से धक्का-मुक्की की जो कि बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को शर्म करनी चाहिए और पंडित नेहरू एवं कांग्रेस के नेताओं द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के लिए उन्हें बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कारण ही देश के पहले कानून मंत्री बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। यहां तक की बाबा साहब को इस्तीफे के बाद सदन में बोलने तक नहीं दिया गया। कांग्रेस पार्टी को जवाब देना चाहिए कि उसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के त्यागपत्र को जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया।

उन्होंने कहा कि नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को भी पत्र लिखकर बाबा साहब अंबेडकर के कैबिनेट में न रहने की खुशी जाहिर की थी। ऐसी सोच वाली कांग्रेस पार्टी आज बाबा साहब के नाम पर झूठ की राजनीति कर रही है जो बहुत ही शर्मनाक है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर को 1952 लोकसभा चुनाव और 1954 के उपचुनाव में हरवाया। इस पार्टी के शासन में उन्हें भारत रत्न तक नहीं दिया गया। देशभर में नेहरूए इंदिरा गांधी, संजय गांधी और राजीव गांधी के नाम पर सैकड़ों स्मारक, अस्पताल और सड़कों के नाम रख दिए गए मगर बाबा साहेब का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया।

# दिल्ली के भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में बनेगा राजस्थान मण्डपम

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समयबद्व पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को



बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा रिको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंहए एनबीसीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक केपी महादेव स्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका अग्रणी -भागीरथ चौधरी

अजमेर। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। चौधरी सोमवार को अजमेर के फायसागर रोड स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र 2 के सभागार में 14वें रोजगार मेले में 755 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद अपना सम्बोधन दे रहे थे।



उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की थी। इसी के तहत आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के 45 स्थानों पर 71000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ.सबका विश्वास.सबका प्रयास की थीम पर सबको रोजगार देने की मुहिम में जुटे है।उन्होंने नवनियुक्त युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी पूरी क्षमता राष्ट्र निर्माण में लगाकर प्रधानमंत्री के सपने को साकार करें ताकि भारत विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सके।

# एक्ट्रेस सनी लियोनी के नाम पर अनोखा फर्जीवाड़ा

## महतारी वंदन योजना की राशि उठा रहा था युवक


जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत एक अनोखा फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसमें फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम से बैंक खाता खोलकर योजना का लाभ उठाया जा रहा था।इस मामले में पुलिस ने वीरेंद्र जोशी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसने अपने आधार कार्ड और बैंक खाते का उपयोग कर सनी लियोनी के नाम से लाभ प्राप्त किया। बस्तर कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए तहसीलदार और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की एक टीम बनाई जो तालूर गांव गई और मामले की छानबीन शुरू की।



हरिस एस के अनुसार आरोपी वीरेंद्र जोशी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी की आईडी का इस्तेमाल कर महतारी वंदन योजना में आवेदन किया और अवैध रूप से सरकार से मिल रहे लाभ को अपने खाते में डाला।कलेक्टर ने कहा कि इस मामले में धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी को बर्खास्त कर दिया गया तथा परियोजना अधिकारी ज्योति मथरानी एवं आंगनबाड़ी प्रर्वेयक प्रभा नेताम को निलंबित कर दिया गया जबकि तत्कालीन जिला कार्यालयीन अधिकारी को नोटिस जारी किया गया।

# भारत की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी ‘पुष्पा 2 द रूल’

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2 द रूल’ भारत की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गयी है। सुकुमार के निर्देशन में बनी ‘पुष्पा 2 द रूल’ 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। पुष्पा 2 द रूल हर रोज बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई कर रही है। तीसरे हफ्ते में भी फिल्म का कलेक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। अल्लू अर्जुन स्टारर इस फिल्म ने भारत की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 को मात दे दी है। अब‘पुष्पा 2 द रूल’ भारत की सबसे 'यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने भारत में 18 दिनों में 1062.9 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। ‘पुष्पा 2 द रूल’ ने प्रभास फिल्म की बाहुबली द कंक्लूजन को मात दे दी है जिसका लाइफ टाइम कलेक्शन 1030.42 करोड़ रुपए है। पुष्पा द राइज के सीक्वल पुष्पा 2रू द रूल का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है।



# अजमेर में रसद विभाग ने किए 27 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त

अजमेर। रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण व व्यवसाय की सूचना प्राप्त होने पर मंगलवार को जांच दल ने 10 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा 17 अप्रमाणित नॉन मार्का सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी नीरज कुमार जैन ने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेण्डर गुलाब गैस एजेन्सी पर सुरक्षित रखवाएं। इनमें अल्लाह नूर स्वीट्स चौधर मौहल्ला से 2 घरेलू सिलेण्डर सैयद उम दानिया रेस्टोरेन्ट चूनपचान मौहल्ला से 17 अप्रमाणित नॉन मार्का 3 घरेलू सिलेण्डर व गैस रिफिलिंग यंत्र, शमा टी स्टॉल देहली गेट से एक घरेलू सिलेण्डर, श्री साई होटल देहली गेट से 2 घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स होटल गुलाब पैलेस देहली गेट तथा राकेश टी स्टॉल देहली गेट से एक.एक घरेलू सिलेण्डर जब्त किए। इन फर्मो का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर.2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में जिला रसद अधिकारी रतन कौर, प्रवर्तन अधिकारी जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रर्वतन निरीक्षक उर्मिला सेहर एवं महेन्द्र कुमार यादव तथा दरगाह थानधिकारी राजाराम सम्मिलित रहे।



# देश का धर्मग्रंथ है संविधान –लालजी भाई देसाई

अजमेर। कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई ने कहा है कि देश का धर्मग्रंथ है संविधान और वर्तमान नरेन्द्र मोदी नीत सरकार से संविधान खतरे में है। देसाई ने मंगलवार को सर्किट हाउस में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार संविधान पर खतरे की बात कर पूरे देश सहित सत्ता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। पर सत्ता में बैठे लोग सोची समझी नीयत के चलते न केवल संविधान काए बल्कि अब तो संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अपमान से भी नहीं चूकते और वह भी लोकतंत्र के मंदिर में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किए अपमान से पूरे देश में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रधानमंत्री बचाव करते हैं। उन्होंने कहा कि देश का निजाम बादशाह अपने बेजुबान वजीर को कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। वरन् वे गलत बोलने वालों को प्रमोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है और ये लोग नफरत के बीज बो कर भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रहे हैं। देसाई ने कहा कि बाबा साहब का अपमान न केवल दलित का अपमान है बल्कि भारत के हर नागरिक का अपमान है। उन्होंने संसद की निरंतर गिरती गरिमा पर भी चिंता जाहिर की और कहा कि देश के संविधान की रक्षा की बात करने वाले राहुल गांधी पर हत्या की साजिश की एफआईआर चंद घंटे में हो जाती है। उन्होंने सवाल किया कि यह किसके इशारे पर हो रहा है। देसाई ने संघ को भी घेरा और कहा कि उनकी शाखाओं में बाल मन से युवाओं तक झूठ का प्रचार करने के बीज बौने का काम किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में शहर अध्यक्ष विजय जैन, देहात अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व विधायक डॉ.श्रीगोपाल बाहेती, डॉ. राजकुमार जयपाल, कय्युम खां, नेता प्रतिपक्ष डॉ. द्रौपदी कोली, महेंद्र सिंह रलावता सहित अनेक पार्षद सेवादल कार्यकर्ता मौजूद रहे।देसाई को सर्किट हाउस में सेवादल कार्यकर्ताओं ने गार्ड ऑफ आनर दिया। बाद में उन्होंने पैदल मार्च में हिस्सा लिया।



### अजमेर में कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

अजमेर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिए गए विवादास्पद बयान के विरोध में मंगलवार को अजमेर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। पैदल मार्च में सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी भाई देसाई शहर व देहात जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकाला गया। बाद में केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग वाला ज्ञापन कलेक्टर के मेन गेट पर चस्पा किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस तीखी नोक झोक भी हुई।

# परावर्तन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानन्द को मिले भारत रत्न – डॉश्रीगोपाल बाहेती



अजमेर। अग्रणी स्वतंत्रता सैनानी दलितोद्धारक व गुरूकुलीय शिक्षा पद्धति के पोषक स्वामी श्रद्धानंद महाराज के 99वें बलिदान दिवस पर महर्षि दयानन्द निर्वाण स्मारक न्यास भिनाय कोठी पर आचार्य जागेश्वर निर्मल के बृहमत्व में वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान न्यास के मंत्री सोम रत्न आर्य रहे। स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक व न्यास के प्रधान डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने बताया कि आज़ादी के आंदोलन के अग्रणी सेनानी, दलितोद्धारक, गुरुकुल शिक्षा के प्रणेता स्वामी श्रद्धानंद ने भारतीय समाज को एक रूपता प्रदान करने का अथक प्रयास किया।स्वामीजी ने आज़ादी के पहले ही 1922 में दलितोद्धार सभा की स्थापना की और जन्मना जाति का विरोध किया। अपना घर बेचकर गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की जिसके पहले विद्यार्थी स्वामी श्रद्धानन्द जी के सुपुत्र हरिश्चंद्र और इन्द्र थे। स्वामीजी समानताए समता व बन्धुता के प्रबल पोषक थे।उल्लेखनीय है कि जलियांवाला काण्ड के बाद जब कांग्रेस अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष का दायित्व आपने ही स्वीकारा। महर्षि दयानन्द निर्वाण न्यास भारत सरकार से मांग करता है कि ऐसे त्यागी तपस्वी निर्भीक स्वतंत्रता सैनानी स्वामी श्रद्धानन्द को भारत रत्न दिया जाए।

### आयुर्वेदिक काढ़ा ‘क्वाथ’ का वितरण

इस अवसर पर बीमारियां सर्दी के बचाव व रोग प्रतिरोग क्षमता की वृद्धि के लिए क्वाथ विशेषज्ञ महेश अग्रवाल द्वारा निर्मित 100 लीटर आयुर्वेदिक काढ़ा क्वाथ का निःशुल्क वितरण किया गया। पंडित रामस्वरूप डॉ. राम किशन गुर्जर, प्रकाश किशोर खन्ना, सुरेश राठौड़, सुरेश आय, राहुल आर्य, गीता तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# BSNL Launches FREE Intranet TV for Mobile,

## National Wi-Fi Roaming, and Fibre-Based Intranet TV Services in Puducherry

Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL), India’s Trusted Telecom Partner, today announced three groundbreaking initiatives set to redefine connectivity and entertainment for millions of Indians. These customer-centric services, launched in Puducherry, reaffirm BSNL’s mission to make digital experiences more accessible and inclusive.

**BSNL collaborates with OTT Play**

1. Intranet TV (BiTV) Over Mobile

In a first of its kind, BSNL’s Intranet TV (BiTV) brings over 300 live TV channels, including premium channels, to mobile users in Puducherry, free of cost. Delivered in partnership with OTTplay, as a pilot service, launched in Puducherry, showcases BSNL’s commitment to integrating cutting-edge entertainment into everyday life. This service delivers high-quality entertainment, making digital content easily accessible to all BSNL mobile users, irrespective of their plans; at no cost to all its customers of Pondicherry.

**Why Choose BiTV**

Unlimited Entertainment: Apart from live TV, enjoy movies, web series, and documentaries in multiple languages, all at no cost.Seamless Technology: Powered by BSNL’s secure mobile intranet, BiTV ensures uninterrupted streaming with exceptional video quality.

Future Expansion: After Puducherry, BiTV will be rolled out to Uttar Pradesh, Bihar, and Jharkhand in January 2025, with nationwide availability planned soon.

BSNL CMD’s Thought: “With BiTV, through our partners, BSNL is giving every customer the power to access entertainment on the go, ‘anytime, anywhere’, free of cost, irrespective of the plan they are, making it a perfect alternative to the outdated PRBT systems; by combining cutting-edge technology with top-tier content. BSNL will be one of the first telecom service provider to revolutionize its old PRBT by offering this groundbreaking service.”

# ब्यावर में ACB की रेड : भनक लगते ही भाग छूटे SHO और कांस्टेबल

ब्यावर/अजमेर/जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ब्यावर जिले के बदनौर पुलिस थानाधिकारी एवं उपनिरीक्षक नारायण सिंह खिड़िया और कांस्टेबल अशोक कुमार के लिए एक मामले में 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं।ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट.अजमेर इकाई द्वारा सोमवार देर रात थानाधिकारी एवं कांस्टेबल के परिचित व्यक्ति कैलाश गुर्जर को उनके लिए यह रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके भाई एवं भतीजे के विरूद्ध दर्ज एनडीपीएस के मुकदमें में गिरफ्तार करने पर मारपीट नहीं करने एवं जेसी कराने की एवज में उपनिरीक्षक नारायण सिंह खिड़िया एवं कांस्टेबल अशोक कुमार तीन लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी एक लाख रुपए रिश्वत लेने पर सहमत हुए थे।इस एसीबी की अजमेर इकाई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना भाटी के नेतृत्व में शिकायत का




सत्यापन किया जाकर स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई के उपाधीक्षक राकेश कुमार वर्मा द्वारा मय टीम के सोमवार देर रात बदनौर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी अशोक कुमार के कहने पर उसके परिचित कैलाश गुर्जर को परिवादी से 45 हजार रुपए ;पांच हजार रुपए प्रचलित भारतीय मुद्रा एवं 40 हजार के डमी करेंसी नोट रिश्वत के रूप में लेते पकड़ा।

उन्होंने बताया कि मौके पर गहन जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी के परिचित कैलाश गुर्जर की रिश्वत मांग में संलिप्तता नहीं थी तथा रिश्वत राशि के बारे में वह अनभिज्ञ था अतः मौके पर उसके कथन लेखबद्ध कर एवं पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।उल्लेखनीय है कि आरोपी शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 40 हजार रुपए रिश्वत के रूप में वसूल चुके थे। आरोपी नारायण सिंह खिड़िया एवं अशोक कुमार एसीबी कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गएए जिनकी तलाश की जा रही हैं। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी की तलाश एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## आरपीएससी परीक्षा: 38 लाख रुपए की ठगी करने का आरोपी अरेस्ट



अजमेर। राजस्थान में अजमेर की क्लाक टावर पुलिस ने लोकसेवा आयोग की द्वितीय श्रेणी परीक्षा-2018 की प्रतीक्षा सूची में वीआईपी कोटे से चयन करवाने के नाम पर लगभग 3887000 रुपए की ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वंदना राणा ने बताया कि पीड़िता सुनीता कुडिया की ओर से उसके भाई नरेंद्र पाल कुड़िया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बहन सुनीता भोंपा का बाड़ा न्यू मार्डन सीसै स्कूल में अध्यापन का काम किया करती है। यही पर आरोपी भानूप्रताप सिंह भी अध्यापन का काम करता था। दोनों की पहचान हुई उसी दौरान आरोपी ने पीड़िता को झांसे में लेकर तथा आरपीएससी में अच्छी पहचान का हवाला देकर उसे विश्वास में ले लिया और द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा -2018 की प्रतीक्षा सूची वीआईपी कोटे में चयन का भरोसा दिलाकर धोखाधड़ी पूर्वक पैसे ऐंठ लिए। पुलिस के पास प्राप्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए सहायक निरीक्षक रामबाबू शर्मा को अनुसंधान अधिकारी नियुक्त किया गया।

पुलिस ने जब अजमेर में उसके रहने वाले स्थान पर जानकारी जुटाई तो वह भाग निकला। बाद में उसकी लोकेशन उत्तर प्रदेश के एटा में होनी पाई गई।अनुसंधान अधिकारी रामबाबू शर्मा ने मय दलबल के ठगी के आरोपी भानूप्रताप सिंह निवासी ग्राम गहला तहसील जलेसर थाना सकरोली जिला एटा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी वर्ष 2018 से ही सट्टा खेलने का आदी हैए जिसमें उसने ठगी की रकम पूरी खर्च कर दी और उत्तरप्रदेश के अपने गांव में भी ट्यूशन के जरिये जीवनयापन कर रहा था। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

## अजमेर में एटीएस पुलिस ने युवक से बरामद की 5 .89 लाख रुपए की नगदी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एटीएस पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके बैग से 5.89 लाख रुपए बरामद किए। एटीएस ने आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार एटीएस से सोमवार रात को मोटरसाइकिल सवार युवक को सावित्री स्कूल चौराहे पर रोक कर पूछताछ की तथा तलाशी ली तो उसके बैग से 5.89 लाख रुपए बरामद हुए। गिरफ्तार युवक नकदी के विषय में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया इसके बाद तब एटीएस ने युवक को सिविल लाइंस थाने लाकर पुलिस को सौंपा।गिरफ्तार युवक का नाम हरिराम गोदारा बताया जा रहा हैए जो परबतसर का निवासी है। युवक ने पुलिस को नकदी के विषय में न तो कोई प्रमाण दिया और न ही कोई जानकारी दी।पुलिस को आशंका है कि जब्त राशि हवाला राशि हो सकती है जिसे युवक किसी को देने जा रहा हो। बताया गया कि बरामद नगदी में सभी 500 के नोट हैं। पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना दी है।

## दुकान में 9 लाख रुपए चोरी करने के मामले में दो आरोपी अरेस्ट

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चूड़ी बाजार की दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरों ने दुकान से नौ लाख रुपए की चोरी की थी। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने सोमवार को यहां बताया कि माकड़वाली रोड निवासी भगवान हरपलानी ने नौ नवंबर को शिकायत दी कि उसकी चूड़ी बाजार में गणपति टावर में दुकान से चोर 9.10 लाख रुपए चोरी चले गए।प्राप्त शिकायत के अनुसंधान में पुलिस ने दो

**मालिक ने नौकरी से हटाया तो साथी के साथ मिलकर की वारदात**



आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मुकेशसिंह ;26 निवासी लक्ष्मी चौकए नागफणी थाना गंज तथा हनुमान रैगर ;27 निवासी बस्सा डबला थाना भिनाय है।

उन्होंने बताया कि आरोपी मुकेश इसी दुकान में काम किया करता था जिससे वह दुकान के विषय में पूरी जानकारी रखता था। दुकान मालिक से पुलिस को जानकारी मिली की दुकान में हेराफेरी करने के आरोप में उसे नौकरी से हटाया गया था। उसने अपने साथी हनुमान के साथ चोरी की वारदात को अन्जाम दे दिया। पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## सुशीला मीणा को आरसीए जयपुर में देगा विशेष प्रशिक्षण

जयपुर। भारत रत्न एवं महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर द्वारा प्रतापगढ़ की युवा प्रतिभावान महिला खिलाड़ी सुशीला मीणा के गेंदबाजी एक्शन एवं उसकी प्रतिभा की प्रशंसा को देखते हुए राजस्थान क्रिकेट संघ ;आरसीए जयपुर में उसका भविष्य संवारने के लिए विशेष प्रशिक्षण देगा। आरसीए तदर्थ समिति के संयोजक एवं विधायक जयदीप बिहाणी ने सोमवार को बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ ने राज्य के प्रतापगढ़ जिले की प्रतिभावान युवा महिला खिलाड़ी सुशीला मीणा के संबंध में चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशीए राजस्थान के कैबिनेट मंत्री एवं प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष हेमंत मीणा से चर्चा करके खिलाड़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए आरसीए सुशीला मीणा को गोद लेकर जयपुर में अपनी देखरेख में प्रशिक्षित कोचों की निगरानी में विशेष प्रशिक्षण सहित उसके आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करेगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)